पंजीयन क्रमांक : 79, दिनांक : 09.10.1956

दूरभाष : (07763) 299061, 299062

# अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम

केन्द्र : जशपुर नगर – 496331, जिला : जशपुर (छत्तीसगढ़)
ईमेल : kalyanashram1952@gmail.com

अध्यक्ष : सत्येन्द्र सिंह महामंत्री : योगेश श्रीधर बापट कोषाध्यक्ष : महेश कुमार मोदी संगठन मंत्री : अतुल रामचन्द्र जोग

संदर्भ क्र. : ........................................ दिनांक : 3 अप्रैल 2025

## समाचार विज्ञप्ति

## वक़्फ़ के दायरे से जनजातियों की ज़मीन बाहर

## वनवासी कल्याण आश्रम ने किया केन्द्र सरकार का अभिनंदन

2 अप्रैल को लोकसभा में वक्फ बिल के प्रावधानों में सुधार के संदर्भ में चर्चा शुरू हुई और देर रात बिल 288 मतों से पारित हुआ।

वनवासी कल्याण आश्रम ने कुछ समय पूर्व जेपीसी के समक्ष देश भर के विभिन्न स्थानों पर अपना पक्ष रखते हुए ज्ञापन दिए थे। संविधान की पाँचवी व छठी अनुसूची के जनजाति क्षेत्र के राज्यों में संविधान और क़ानून का उल्लंघन कर बड़ी मात्रा में वक़्फ़ की ज़मीन, सम्पत्तियाँ दर्ज हुई हैं। इस तथ्य की जानकारी के बाद ही जेपीसी ने अपनी रिपोर्ट में सरकार से यह सिफ़ारिश की थी कि वक़्फ़ बिल में जनजातियों की ज़मीन की सुरक्षा के प्रावधान किये जाएँ।

वनवासी कल्याण आश्रम के विगत 15 दिनों के सतत प्रयासों का यह परिणाम है कि अल्पसंख्यक मंत्रालय के माननीय मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में यह घोषणा की कि जनजातियों की भूमि संविधान की पाँचवी और छठी अनुसूची की जनजाति क्षेत्र के राज्यों में वक़्फ़ के दायरे से बाहर रहेगी। इसी आशय के प्रावधान के साथ लोकसभा में यह बिल पारित हुआ।

इस समाचार से देश के पूरे जनजाति क्षेत्र में ख़ुशी और संतोष की लहर दौड़ गई।

वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने जनजातियों की भूमि को सुरक्षित रखने के लिये भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए उसका अभिनंदन किया है।

अध्यक्ष
अखिल भारतीय वनवासी
कल्याण आश्रम जशपुर नगर (छ.ग.)

प्रशासनिक कार्यालय : 35, चंचल स्मृति, ग. द. आम्बेकर मार्ग, वडाला, मुम्बई, पिन – 400 031, दूरभाष : 022–24129615
ईमेल – kalyanashram2010@gmail.com